Regarding establishment of ESIC hospitals in Vapi,Sarigam and Umargam in Gujarat

श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल (वलसाड) **:** सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । आपने मुझे शून्य काल में प्रश्न पूछने का मौका दिया है ।

मैं वलसाड लोकसभा क्षेत्र, गुजरात से आता हूं । वह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, लेकिन साथ ही वलसाड जिले के अंदर वलसाड से लेकर उमरगाम तक का लगभग पूरा क्षेत्र इंडस्ट्रियल पार्क है । खासकर, गुंडलाव, पारडी, वापी, सरीगाम और उमरगाम ऐसी प्रमुख जीआईडीसीज़ हैं, जो हमारे विस्तार के लिए, गुजरात और भारत के विकास में अहम योगदान दे रही हैं ।

इसमें हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के वर्कर्स हैं, महाराष्ट्र के वर्कर्स हैं और पूरे भारत से आए वर्कर्स काम कर रहे हैं । इस विस्तार के अंदर वापी में सिर्फ एक ही ईएसआईसी का हॉस्पिटल है, बाकी डिस्पेंसरीज हैं । वहां पर जो फैसिलिटीज हैं, वे कम पड़ रही हैं । मैं आपके माध्यम से डॉ. मनसुख मंडाविया जी से मांग करता हूं कि वापी में 500 बेड का एडवांस स्टेट ऑफ आर्ट हॉस्पिटल बनाया जाए । मैं इसके साथ ही यह मांग करता हूं कि सरीगाम और उमरगाम में भी ध्यान देकर वहां भी ईएसआईसी के हॉस्पिटल्स बनाए जाएं ।